प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 19–03–2024 को ऑनलाइन विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की वित्त समिति की सातवीं बैठक का कार्यवृत्त :–

बैठक में निम्नलिखित सदस्य गण उपस्थित हुएः

1. श्री एम देवराज (आई0ए0एस0) — अध्यक्ष
   प्रमुख सचिव
   प्राविधिक शिक्षा विभाग
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ
2. प्रो0 अलक कुमार सिंह — सदस्य
   प्रोफेसर
   फूड टेक्नोलाजी विभाग
   एच0बी0टी0यू0,
   कानपुर
3. श्री यशवंत सिंह — सदस्य
   अपर निदेशक
   कोषागार एवं पेंशन
   कानपुर
4. श्री अनिल कुमार मिश्र — सदस्य सचिव
   वित्त एवं लेखाधिकारी
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
   कन्नौज।
5. प्रो0 रचना अस्थाना — सदस्य एवं निदेशक
   निदेशक
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

सर्वप्रथम निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

07:01 दिनांक 27 मार्च, 2023 को सम्पन्न वित्त समिति की छठीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

दिनांक 27–03–2023 को सम्पन्न हुई वित्त समिति की छठीं बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना से अवगत होते हुये वित्त समिति द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

07:02 दिनांक 27 मार्च, 2023 को सम्पन्न वित्त समिति की छठीं बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।

संस्थान की वित्त समिति की दिनांक 27–03–2023 को सम्पन्न हुई छठीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से वित्त समिति अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

07:03 वित्तीय वर्ष 2023–24 की अद्यतन 07.02.2024 तक वास्तविक व्यय तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 का आय एवं व्ययनुमान की सूचना एवं अनुमोदन।

वित्तीय वर्ष 2023–24 मे अनुमोदित बजट धनराशि 1758.28 लाख (राजस्व व्यय रू0 1408.42 लाख पूँजीगत व्यय 277.36 लाख तथा उत्तर प्रदेश स्टार्ट अप नीति के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान 72.50 लाख) के सापेक्ष किये गये अद्यतन (07–02–2024 तक) वास्तविक व्यय रू0 796.92 लाख तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 मे होने वाले अनुमानित आय रू0 1761.01 लाख से प्रस्तावित मदवार व्यय की व्याख्यात्मक टिप्पणियों का वित्त समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा निम्न तालिका के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:

(धनराशि रू० लाख में)

| मद सं० | विवरण | 2023–2024 अनुमोदित धनराशि | वित्तीय वर्ष 2023–24 मे 07.02.2024 तक का वास्तविक व्यय | 2024–25 के लिए अनुमोदित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | राजस्व व्यय (वेतन) | | | |
| 07:03:01 | वेतन एवं भत्तों पर व्यय<br>(क) शैक्षणिक पद | 680.00 | 322.40 | 700.00 |
| | (ख) एन0पी0एस0 नियोक्ता अंशदान | 65.00 | 44.48 | 65.00 |
| | (ग) शिक्षणेत्तर कर्मचारी (आउट सोर्सिंग) मानदेय | 235.00 | 199.28 | 275.00 |
| | (घ) अतिथि व्याख्याता मानदेय | 65.00 | 48.66 | 70.00 |
| | योग | **1045.00** | **614.42** | **1110.00** |

| (ब) | राजस्व व्यय (गैर वेतन) | | | |
|---|---|---|---|---|
| 07:03:02 | यात्रा–भत्ता व्यय | 03.00 | 01.17 | 03.00 |
| 07:03:03 | मानदेय | 02.00 | 00.70 | 02.00 |
| 07:03:04 | कार्यालय व्यय | 15.00 | 02.71 | 10.00 |
| 07:03:05 | कान्फ्रेन्स / सेमीनार / एफ0डी0पी0 | 07.00 | 01.48 | 07.00 |
| 07:03:06 | विद्युत देय | 85.00 | 48.02 | 80.00 |
| 07:03:07 | लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई | 07.00 | 02.35 | 07.00 |
| 07:03:08 | कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण | 20.00 | 03.66 | 20.00 |
| 07:03:09 | टेलीफोन / ब्राडबैण्ड पर व्यय | 12.00 | 04.45 | 12.00 |
| 07:03:10 | बस किराया | 03.00 | 00.77 | 03.00 |
| 07:03:11 | गाड़ियों का अनुरक्षण / पेट्रोल, डीजल आदि | 06.00 | 01.29 | 04.00 |
| 07:03:12 | आंतरिक सम्प्रेक्षा (सी0ए0 आडिट) | 01.00 | 00.19 | 01.00 |
| 07:03:13 | विधिक / विविध सेवाओं पर व्यय | 03.00 | 00.13 | 03.00 |
| 07:03:14 | परामर्षदात्री सेवा फीस / चयन समिति के सदस्यों एवं विषेशज्ञों का मानदेय | 05.00 | 00.54 | 05.00 |
| 07:03:15 | विज्ञापन | 07.00 | 01.42 | 07.00 |
| 07:03:16 | अतिथि व्यय / व्यय विषयक भत्ता | 01.00 | 00.18 | 01.00 |
| 07:03:17 | सामान्य अनुरक्षण कार्य | 30.00 | 01.32 | 10.00 |
| 07:03:18 | खेल–कूद एवं सांस्कृतिक किया कलाप | 05.00 | 04.47 | 10.00 |
| 07:03:19 | प्रशिक्षिण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय | 03.00 | 00.00 | 03.00 |
| 07:03:20 | कम्प्यूटर हार्डवेयर / साफ्टवेयर व्यय | 20.00 | 00.49 | 20.00 |
| 07:03:21 | कम्प्यूटर अनुरक्षण / तत्सम्बन्धी स्टेशनरी | 08.00 | 04.27 | 08.00 |
| 07:03:22 | चिकित्सा / औषधि व्यय | 07.00 | 00.45 | 05.00 |
| 07:03:23 | छात्रावास संचालन / रख–रखाव व्यय | 20.00 | 04.64 | 17.00 |
| 07:03:24 | जनरेटर अनुरक्षण / डीजल व्यय | 07.00 | 00.85 | 07.00 |
| 07:03:25 | पुस्तकालय | 12.00 | 00.25 | 20.00 |
| 07:03:26 | वाटर पाइपलाइन कनेक्शन / सवमर्सिबल / एस0टी0पी0 की अनुरक्षण एवं रखरखाव | 30.00 | 18.63 | 30.00 |
| 07:03:27 | कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास रूम, नेटवर्किंग की अनुरक्षण एवं रखरखाव | 16.50 | 00.00 | 10.59 |
| 07:03:28 | सेन्टर फार आल्टरनेटिव एण्ड रिन्यूएबल एनर्जी (यूपी नेडा) | 07.92 | 00.00 | 07.92 |
| 07:03:29 | विद्युत अनुरक्षण एवं रख–रखाव | 10.00 | 01.28 | 10.00 |
| 07:03:30 | अनुसंधान विकास एवं नवाचार | 10.00 | 00.23 | 05.00 |
| | योग | **363.42** | **105.94** | **328.51** |
| | कुल योग (अ + ब) | **1408.42** | **720.36** | **1438.51** |

पूंजीगत व्ययः

| मद सं० | विवरण | 2023–2024 अनुमोदित धनराशि | वित्तीय वर्ष 2023–24 मे 07.02.2024 तक का वास्तविक व्यय | 2024–25 के लिए अनुमोदित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| (स) | पूंजीगत व्यय | | | |
| 07:03:31 | लैबों की साज–सज्जा, मशीनरी एवं अन्य सहवर्ती उपकरण/फर्नीचर | 177.36 | 26.10 | 250.00 |
| | योग | **177.36** | **26.10** | **250.00** |
| | कुल योग (अ +ब + स) | **1585.78** | **746.46** | **1688.51** |

उ0प्र0 स्टार्ट–अप नीतिः

| मद सं० | विवरण | 2023–2024 अनुमोदित धनराशि | वित्तीय वर्ष 2023–24 मे 07.02.2024 तक का वास्तविक व्यय | 2024–25 के लिए अनुमोदित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| (द) | उ0प्र0 स्टार्ट–अप नीति | | | |
| 07:03:32 | उ0प्र0 स्टार्ट–अप नीति के अन्तर्गत ए0के0टी0यू0 से प्राप्त अनुदान रू0 50.00 लाख | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 07:03:33 | उ0प्र0 स्टार्ट–अप नीति के अन्तर्गत यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स का0 लि0 से प्राप्त अनुदान | 22.50* | 0.46 | 22.50 |
| | योग | **72.50** | **50.46** | **72.50** |
| | कुल योग (अ +ब + स + द) | **1658.28** | **796.92** | **1761.01** |

(क) वित्त समिति द्वारा निर्देश दिया गया कि राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज की वित्त समिति की बैठक तीन माह के अन्तराल मे आहूत की जाय।

(ख) वाहन (एम्बूलेंस) कय किये जाने के प्रस्ताव पर वित्त समिति द्वारा यह निर्देश दिया गया कि जिलाधिकारी, कन्नौज से सम्पर्क स्थापित कर शासन द्वारा संचालित एम्बूलेंस की सुचारू सुविधा संस्थान मे प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया जाये।

07:04: **राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की स्थापना/निर्माण (वृहद निर्माण कार्य) की अद्यतन स्थिति से वित्त समिति को अवगत कराया जाना।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की स्थापना/निर्माण हेतु पूर्व अनुमोदित लागत रू0 5974.00 लाख को पुनरीक्षित करते हुए शासनादेश संख्या–32/2021/68591/2021/16–1099/95/2020 दिनांक 07.06.2021 द्वारा रू0 12642.82 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की स्थापना/निर्माण परियोजना के कार्यों पर व्यय हेतु विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से अब तक कुल रू0 8728.32 लाख की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। उक्त के सापेक्ष कार्यदायी संस्था को अद्यतन अवमुक्त धनराशि 7778.32 लाख का व्यय अनुमोदित मदों में किया जा चुका है।

**वित्त समिति उक्त सूचना से अवगत हुई।**

**वित्त समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि चालू वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य हेतु अवमुक्त धनराशि रू0 950.00 लाख का उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र शासन को प्रेषित किया जाये।**

07:05: **राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज को विभिन्न संस्थाओं/विभागों से प्राप्त रिसर्च प्रोजेक्ट से समिति को अवगत कराया जाना :**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज को विभिन्न संस्थाओं/विभागों से प्राप्त निम्नलिखित रिसर्च प्रोजेक्ट का विवरण वित्त समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गयाः

(धनराशि रू0 लाख में)

| कम | संस्था/विभाग का नाम | रिसर्च प्रोजेक्ट विवरण | स्वीकृत अनुदान रू0 | प्राप्त अनुदान रू0 | व्यय रू0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Council of Science & Technology | A Pilot Project to Improve Potato Productivity in Kannauj using IoT based Deep Learning Framework | 10.44 | 03.40 | 01.81 |
| 2 | Council of Science & Technology | बौद्धिक सम्पदा संरक्षण से सम्बन्धित जागरूकता अभियान | 0.80 | 00.80 | 00.00 |
| 3 | AICTE | AICTE Training and Learning (ATAL) Academy Programme- Design and Implementation issues in 5G/6G wireless Communication network | 3.50 | 02.50 | 02.50 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Science & Engineering Research Board (SERB), DST, Govt. of India | An Analysis of optimal Control for nonlinear differential equations and applications | 6.60 | 02.20 | 01.61 |
| | | Total | 21.34 | 08.90 | 5.92 |

वित्त समिति उक्त सूचना से अवगत हुई। अध्यक्ष, वित्त समिति द्वारा यह निर्देश दिये गये कि संस्थान के संकाय सदस्यों को रिसर्च प्रोजेक्ट के लिये प्रोत्साहित किया जाये।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(प्रो0 रचना अस्थाना)
निदेशक एवं सदस्य
वित्त समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

(एम॰ देवराज)
अध्यक्ष, वित्त समिति / प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन

संख्याः 470/वि0स0/नि0का0/रा0इ0का0/कन्नौज/2023–24 दिनांक 20 मार्च, 2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष, वित्त समिति, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज एवं प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. प्रो0 जी0 नालनकिल्ली, निदेशक, यू0पी0टी0टी0आई0, कानपुर।
4. प्रो0 अलक कुमार सिंह, प्रोफेसर, फूड टेक्नोलॉजी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. श्री यशवंत सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेन्शन, कानपुर तथा प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा नामित प्रतिनिधि।
6. वित्त एवं लेखाधिकारी, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
7. संबंधित पत्रावली।

(प्रो0 रचना अस्थाना)
निदेशक एवं सदस्य
वित्त समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज